प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



माओवाद के ख़ात्मे का मिशन-2026 पेज- 2

पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 70 | शनिवार 28 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## द केरल स्टोरी 2 पर बोली प्रियंका गांधी

### -बेहतर होगा शांति और प्रेम को बढ़ावा देने वाली फिल्में बनें

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने



फिल्म द केरल स्टोरी 2–गोज बियॉन्ड से जुड़े विवाद को लेकर शुक्रवार को कहा कि लोगों को खुद को अभिव्यक्त करने की अनुमति दी जानी चाहिए, लेकिन बेहतर होगा कि ऐसी चीजें बनाएं जो लोगों को खुशी दें और शांति, प्रेम और कल्याण को बढ़ावा दें। वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी वाद्रा ने फिल्म से जुड़े सवाल पर संवाददाताओं से कहा, सबसे पहले, मुझे लगता है कि लोगों को खुद को अभिव्यक्त करने की अनुमति दी जानी चाहिए, लेकिन साथ ही ऐसे माहौल में जो एक–दूसरे के प्रति इस तरह की बयानबाजी, गुस्से और नफरत से भरा होता जा रहा है, रचनात्मक रूप से ऐसी चीजें बनाना बेहतर है जो खुशी दें और लोगों के बीच शांति, प्रेम और कल्याण को बढ़ावा दें। कांग्रेस सांसद ने कहा कि वायनाड में भूस्खलन की घटना के बाद सभी ने एक–दूसरे की मदद की और अपने धर्म या जाति की परवाह किए बिना ऐसा करना जारी रखा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह वह भावना है जो वास्तव में भारत का सार और केरल की भावना है और यही इसके बारे में बहुत सुंदर है। केरल उच्च न्यायालय ने द केरल स्टोरी 2–गोज बियॉन्ड के प्रदर्शन पर बृहस्पतिवार को अंतरिम रोक लगा दी और कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि फिल्म का प्रमाणन करते समय सेंसर बोर्ड ने विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। बाद में फिल्म के निर्माता ने इस फैसले को उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी।

## मानसा के सरदूलगढ़ में व्यापारी व उसके कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

(एजेंसी) मानसा। जिले के सरदूलगढ़ में शुक्रवार सुबह बदमाशों ने एक व्यापारी और उसके कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। व्यापारी जसवीर सिंह अपने फार्म हाउस पर मौजूद थे। उनके साथ उनका कर्मचारी बलदेव सिंह भी था। इसी दौरान हथियारबंद बदमाश वहां पहुंचे और दोनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियां लगने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मीना (एसएसपी) मानसा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और फोरेंसिक टीमों को भी सबूत इकट्ठा करने के लिए बुलाया गया है। पुलिस ने इलाके की नाकाबंदी कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश या लूटपाट की आशंका जताई जा रही है।

## केजरीवाल -सिसोदिया के बरी होने पर सीएम मान ने मोदी सरकार को घेरा

### कहा- सत्य की हमेशा जीत होती है

(एजेंसी) चंडीगढ़। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति



मामले में केजरीवाल और सिसोदिया को बरी कर दिया तथा केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दाखिल आरोपपत्र का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। इन दोनों नेताओं के अलावा इस मामले में 21 अन्य लोगों को भी बरी कर दिया गया। सीएम मान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सत्य की हमेशा जीत होती है। दिल्ली की माननीय अदालत ने शराब घोटाले के मामले में आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बरी कर दिया है। माननीय अदालत के इस फैसले से सच्चाई सामने आ गई है। समय के साथ अन्य सभी मामलों में भी सच्चाई सामने आ जाएगी। आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब इकाई के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने दिल्ली की अदालत के फैसले का स्वागत किया और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर पार्टी को बदनाम करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। अरोड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कहावत है कि न्याय में देर हो सकती है, लेकिन अंधेर नहीं। अरविंद केजरीवाल जी, मनीष सिसोदिया जी और अन्य सभी को दिल्ली के तथाकथित शराब घोटाले के झूठे, मनगढ़ंत और झूठ से भरे मामले में माननीय अदालत द्वारा बरी कर दिया गया है, जिससे एक बार फिर यह साबित हो गया है कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की एजेंसियों ने आम आदमी पार्टी की ईमानदारी की राजनीति को बदनाम करने और नुकसान पहुंचाने के लिए यह सब किया था। उन्होंने कहा कि देश की जनता आने वाले दिनों में साजिशकर्ताओं को मुंहतोड़ जवाब देगी।

## केजरीवाल और सिसोदिया के बरी होने से जांच एजेंसियों की मनमानी उजागर हुई : महबूबा मुफ्ती

(एजेंसी) श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को कहा कि भ्रष्टाचार के एक मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के अन्य नेताओं को अदालत द्वारा बरी किए जाने से जांच एजेंसियों की मनमानी उजागर हुई है। मुफ्ती ने एक्स पर पोस्ट किया, आज के फैसले में केजरीवाल, (पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष) सिसोदिया और कविता (भारत राष्ट्र समिति की निलंबित नेता) को आबकारी शुल्क नीति मामले में बरी किए जाने से जांच एजेंसियों की मनमानी उजागर होती है। उन्होंने कहा कि जब एजेंसियों को राजनीतिक हथियार की तरह



इस्तेमाल किया जाता है, तो न्याय सबसे पहले शिकार बनता है और सच्चाई सालों के दर्द और आंसुओंश के बाद ही सामने आती है। उन्होंने कहा, प्रथम दृ ष्टया कोई मामला ही नहीं है। कोई विश्वसनीय सबूत भी नहीं है। फिर भी वर्षों तक (इन नेताओं को) कैद में रखा गया। सत्ता का दुरुपयोग और संस्थाओं का हथियार के रूप में इस्तेमाल करने से ज्यादा खतरनाक कुछ नहीं है। फिर भी, यह सब बेरोकटोक जारी है। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत देते हुए उन्हें राजनीतिक रूप से संवेदनशील शराब नीति मामले में बरी कर दिया। अदालत ने सीबीआई के आरोपपत्र का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। इन दोनों नेताओं के अलावा 21 और आरोपी इस मामले में अदालत से बरी कर दिये गये।

## कोलकाता समेत कई जिलों और बांग्लादेश में महसूस किए गए भूकंप के झटके

(एजेंसी) कोलकाता। बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में 5.5 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किए जाने के बाद कोलकाता और आसपास के जिलों में शुक्रवार दोपहर झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि भूकंप दोपहर एक बजकर 22 मिनट पर महसूस किया गया। उन्होंने कहा कि भूकंप धरती की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया था। अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के नयाबाजार नामक स्थान में था, जो कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि भूकंप से जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। भूकंप के झटके लगभग 10 सेकंड तक महसूस किए गए जिससे कोलकाता के लोग घबरा कर अपने अपने घरों से निकलकर खुली सड़कों पर आ गए। भूकंप के पहले झटके के तुरंत बाद कोई और झटका महसूस नहीं किया गया। राज्य सचिवालय नबान्न, विधानसभा भवन और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों में दहशत फैल गई, जो भूकंप के बाद के झटकों की आशंका में कार्यालय से निकलकर सड़कों पर आ गए। कोलकाता के आईटी हब सॉल्ट लेक और विभिन्न हिस्सों में स्थित बहुमंजिला आवासीय भवनों में भी इसी तरह के दृश्य देखने को मिले।

## कोर्ट से बरी होने पर भावुक हुए केजरीवाल, बोले-इतिहास की सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश



(एजेंसी) नई दिल्ली। शराब नीति मामले में एक अदालत द्वारा बरी किए जाने के बाद भावुक हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश थी। फैसला आने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिल्ली के तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री रो पड़े। उन्होंने कहा, अदालत ने साबित कर दिया है कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि आबकारी मामले की साजिश आम आदमी पार्टी (आप) को खत्म करने के लिए रची गई थी। आप प्रमुख ने आरोप लगाया कि यह पूरी तरह से एक फर्जी मामला था, जिसे गढ़ने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका थी। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में शुक्रवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दाखिल आरोपपत्र का संज्ञान लेने से इनकार करते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बरी कर दिया। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने कहा कि आरोप पत्र में कई ऐसी कमियां हैं जिनका सबूतों से तालमेल नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने मामले में आम आदमी पार्टी के दोनों नेताओं के अलावा 21 अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। सीबीआई आप की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार की जांच कर रही है।

## निवेश और नवाचार के साथ आगे आए उद्योग

### -प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय कंपनियों से बजट में हुई घोषणाओं का लाभ उठाने का किया आग्रह

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय उद्योग से निवेश एवं नवाचार बढ़ाने का शुक्रवार को आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने आक्रामक पूंजीगत व्यय और बजट में लगातार अनुकूल नीतिगत माहौल बनाकर आधार तैयार कर दिया है और अब निजी क्षेत्र के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी वृद्धि के अगले चरण को आगे बढ़ाने का समय आ गया है। विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार एवं वित्त विषय पर बजट के बाद आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 11 वर्ष पहले दो लाख करोड़ रुपये था जो बढ़कर केंद्रीय बजट 2026–27 में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इसने विस्तार के लिए एक मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि अधिक आवंटन निजी क्षेत्र को नए जोश के साथ निवेश करने और 2026–27 के बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का संकेत देता है। मोदी ने कहा, भारतीय कंपनियों को नए निवेश एवं नवाचार के साथ आगे आना चाहिए। वित्तीय संस्थानों को व्यावहारिक समाधान तैयार करने और बाजार विश्वास बढ़ाने में सहयोग देना चाहिए। उन्होंने सुधारों को ठोस परिणामों में तब्दील करने के लिए सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र के भागीदारों के बीच घनिष्ठ सहयोग का



आह्वान किया। मोदी ने कहा, हमें अवसंरचना में अधिक भागीदारी एवं वित्तीय मॉडल में नवाचार की आवश्यकता है... हमें परियोजना स्वीकृति पद्धतियों को मजबूत करना चाहिए और मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार करना चाहिए। सरकार ने पिछले एक दशक में भारत की वृद्धि रणनीति को रिकॉर्ड स्तर के पूंजीगत व्यय के इर्द–गिर्द केंद्रित किया है। निजी निवेश को आकर्षित करने और मध्यम अवधि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, डिजिटल अवसंरचना तथा ऊर्जा नेटवर्क पर व्यय में तेज वृद्धि की गई है। हालांकि, निजी क्षेत्र ने अभी तक वह तथाकथित जुझारूपन (एनिमल स्पिरिट) पूरी तरह से प्रदर्शित नहीं किया है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले दशक में भारत की मजबूत क्षमता दृढ़ विश्वास–आधारित सुधारों और कारोबार सुगमता में निरंतर सुध ाार के प्रयासों से प्रेरित रही है। भारत ने प्रौद्योगिकी–आधारित सुशासन को अपनाया है, संस्थानों को मजबूत किया है और आज भी देश सुधारों के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने कहा, सुधारों की तेज गति को बनाए रखने के लिए हमें केवल नीतिगत मंशा पर ही नहीं, बल्कि उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना होगा। सुधारों का मूल्यांकन उनके जमीनी प्रभाव के आधार पर होना चाहिए। पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ाने के लिए हमें कृत्रिम मेधा, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स का व्यापक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के तहत सरकार, उद्योग, वित्तीय संस्थानों और शिक्षाविदों के बीच सहयोग को औपचारिक रूप देने के लिए रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर बनाने का प्रस्ताव रखा। मोदी ने कहा कि जब सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र से जुड़े लोग एक साथ आते हैं, तो सुधार परिणामों में बदलते हैं और कागज पर की गई घोषणाएं जमीनी स्तर पर उपलब्धियों में तब्दील होती हैं। सरकार द्वारा घोषित निवेशक–हितैषी नीतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ढांचे को सरल बनाया गया है और अधिक पूर्वानुमेयता लाई गई है। इसके अलावा, बॉन्ड बाजार को गहरा करने के लिए कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सतत विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए कम जोखिम वाले नए वित्तीय साधन विकसित किए जाने चाहिए। बजट का मूल्यांकन अक्सर विभिन्न मानकों पर किए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा, राष्ट्रीय बजट कोई अल्पकालिक व्यापारिक दस्तावेज नहीं है। यह एक नीतिगत खाका है। इसलिए बजट की प्रभावशीलता का आकलन भी ठोस एवं सार्थक मानकों पर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हर वर्ष बजट के बाद आयोजित होने वाला बजट वेबिनार महत्वपूर्ण होता है। मेरी इच्छा है कि यह वेबिनार केवल औपचारिक विचार–विमर्श तक सीमित न रहे, बल्कि सार्थक मंथन पर केंद्रित हो।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रचंड हेलीकॉप्टर में भरी उड़ान, भारत-पाक सीमा पर सह-पायलट बन रचा इतिहास

(एजेंसी) जैसलमेर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर में स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी। राष्ट्रपति ने भारत–पाकिस्तान सीमा के पास हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में सह–पायलट के तौर में उड़ान भर कर इतिहास रच दिया है।द्रौपदी मुर्मू स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर में सह–पायलट बनकर उड़ान भरने वाली पहली राष्ट्रपति हैं। एलसीएच प्रचंड ने जैसलमेर स्थित भारतीय वायु सेना (आईएएफ) स्टेशन से उड़ान भरी। उड़ान से पहले कैप्टन ने राष्ट्रपति को जानकारी दी। जैतून के हरे रंग की वर्दी और हेलमेट पहने हुए उन्होंने प्रस्थान करने से पहले कॉकपिट से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति ने उड़ान के दौरान कॉकपिट से राष्ट्र के नाम संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, प्रचंड हेलीकॉप्टर आत्मनिर्भरता का एक सशक्त प्रतीक है। इस समय मैं जैसलमेर जिले के ऊपर उड़ान भर रही हूं। मैं



हमारे वीर सैनिकों को हार्दिक शुभकामनाएं और गहरी कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। आपको मेरा सादर सलाम। जय हिंद, जय भारत। यह उड़ान लगभग 25 मिनट तक चली। हेलीकॉप्टर पोखरण फायरिंग रेंज के ऊपर से गुजरा, जहां भारतीय वायुसेना शाम को 'वायु शक्ति' नामक अग्नि शक्ति प्रदर्शन आयोजित करेगी। राष्ट्रपति मुर्मू दिन–दुशाला–रात्रि प्रदर्शन का भी अवलोकन करेंगी। इससे पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने राष्ट्रपति का जैसलमेर वायुसेना स्टेशन पर स्वागत किया।आज की इस उड़ान के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आक्रमण हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति बन गई हैं। यह राष्ट्रपति द्वारा अग्रिम मोर्चे के सैन्य प्लेटफॉर्म के साथ उच्च–स्तरीय सहभागिता की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने पिछले वर्ष अक्टूबर में अंबाला वायुसेना स्टेशन पर राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी, जिससे वह भारतीय वायुसेना के दो अलग–अलग लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति बनीं। अप्रैल 2023 में उन्होंने असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन पर सुखोई–30 एमकेआई लड़ाकू विमान में लगभग 30 मिनट की उड़ान भरी थी। इस दौरान उन्होंने ब्रह्मपुत्र और तेजपुर घाटी के ऊपर से उड़ान भरते हुए हिमालय का दृ श्य भी देखा।एलसीएच 'प्रचंड' भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया कॉम्बैट हेलीकॉप्टर है, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने निर्मित किया है। उन्नत एवियोनिक्स, स्टील्थ विशेषताओं, नाइट–अटैक क्षमता और एयर–टू–ग्राउंड व एयर–टू–एयर मिसाइलों, रॉकेट तथा 20 मिमी गन सहित शक्तिशाली हथियारों से लैस एलसीएच भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाता है।

# सम्पादकीय

## "दीदी" के समर्थन में मणिशंकर अय्यर

क्हा जाए तो गलत नहीं होगा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और एक समय के गांधी परिवार के वफादार कहे जाने वाले मणिशंकर अय्यर कांग्रेस पार्टी के लिए लगातार परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि कांग्रेस की यह स्थिति हो गई हैं कि मणिशंकर अय्यर न उसके लिए निगलते बन रहे हैं और उगलते। यह सर्वविदित है कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में कांग्रेस और ममता के बीच रिश्ते धुरविरोधी के हैं। कांग्रेस ने बंगाल के विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा की है। और ममता बनर्जी कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक में एक तरह से नहीं हैं और ऐसे में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के एक बयान से राजनीतिक बवाल खड़ा हो गया है। मणिशंकर अय्यर ने कोलकाता में कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बिना इंडिया ब्लॉक खत्म हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इंडिया ब्लॉक को दीदी को संभालना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, अखिलेश यादव या फिर तेजस्वी यादव को इंडिया ब्लॉक का काम ममता बनर्जी को संभालने देना चाहिए। कोलकाता में उन्होंने कहा, ममता दीदी के बिना, इंडिया अलायंस का आई, एन, डी ए और सबकुछ खत्म हो जाएगा। क्योंकि ममता बनर्जी इस गठबंठन की नेता हैं. और साथ–साथ दो–चार और लोग हैं जो इस पद को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने साफ–साफ कहा कि राहुल गांधी को ममता बनर्जी या दूसरे नेताओं को इसकी कमान संभालने देना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि बजाय राहुल गांधी इसी पद पर रहने की कोशिश करें, किसी और को, जो छोटी पार्टियों का है– स्टालिन हो, ममता दीदी हो, अखिलेश हो, तेजस्वी हो या कोई और है, और कोई संभाले तो उनके पास ज्यादा टाइम रहेगा गठबंधन को चलाने के लिए। मालूम हो कि पिछले कुछ समय से मणिशंकर अय्यर की कांग्रेस पार्टी से दूरी और कड़वे रिश्ते बने हुए हैं। हाल के दिनों में कई मौकों पर उन्होंने पार्टी के साथियों पर हमला किया है। हाल ही में उन्होंने कहा था, मैं गांधीवादी, नेहरूवादी, राजीववादी हूं, लेकिन राहुलवादी नहीं। इससे कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति को झटका लगा था। अब अय्यर का ये ताजा बयान कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है। अय्यर का ये बयान ऐसे समय आया है, जब बंगाल में चुनाव होने वाले हैं और कांग्रेस ने अकेले लड़ने का फैसला किया है। इस बार कांग्रेस, लेट पार्टियों के साथ भी गठबंधन नहीं कर रही है। अय्यर के इस बयान पर कांग्रेस के बंगाल महासचिव सुमन रॉय चौधरी ने कहा, लंबे समय से मणिशंकर अय्यर कांग्रेस पार्टी की एक्टिविटीज से जुड़े नहीं हैं। बंगाल से पांच राज्यसभा सीटें खाली हैं। क्या मणिशंकर के ऐसे बयान के पीछे यही वजह हो सकती है? हमें हैरानी है। उन्होंने आगे कहा, मणिशंकर जी क्या आप जानते हैं कि ममता बनर्जी पर्दे के पीछे भाजपा की कठपुतली की तरह काम करती हैं? जिनके खिलाफ इंडिया ब्लॉक लड़ रहा है। मुझे नहीं लगता कि पार्टी से दूर रहकर कांग्रेस का कोई भी फैसला लेने में आपका कोई हिस्सा है।


नफीस जाफरी

वहीं दूसरी ओर इस बयान पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता कुणाल घोष ने कहा, मैं अभी कुछ नहीं कहूंगा, क्योंकि हम सब बंगाल चुनाव में बिजी हैं। इस समय हमारा पहला काम भाजपा को पूरी तरह हराना है और यह पक्का करना है कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में यहां चौथी बार सरकार बने। मणिशंकर अय्यर बहुत सीनियर नेता हैं। पूरा देश देख रहा है कि भाजपा को सही वैचारिक लड़ाई कौन दे रहा है?

# एआई बुलबुला फूटा

लिथियम–आयन बैटरियों और सोलर पैनल का आविष्कार अमेरिका में हुआ, लेकिन उनमें कारोबारी दौड़ चीन ने जीती। हाई–टेक चमत्कार को उसने सस्ते माल में बदल दिया, जिससे पश्चिमी कंपनियां होड़ से बाहर हो गईं। चीन यही नजरिया एआई क्षेत्र में अपना रहा है। एआई इम्पैक्ट समिट की शुरुआत से ठीक पहले चीन की कंपनी बाइटडांस ने वीडियो बनाने में सक्षम नया ओपन सोर्स एआई मॉडल लॉन्च किया, जिससे डीपसीक से मिलती–जुलती सनसनी दुनिया में फैली। सीडडांस 2.0 नाम का ये मॉडल टेक्स्ट, तस्वीर, ऑडियो और वीडियो की एक साथ प्रोसेसिंग में सक्षम बताया गया है। इससे फिल्म निर्माण, ई–कॉमर्स, और विज्ञापन संबंधी उत्पादों को डिजाइन करना सस्ता हो जाएगा। इस घटनाक्रम ने अमेरिका में एआई सेक्टर में हो रहे विशाल निवेश की उपयोगिता पर फिर बहस खड़ी की है। अमेरिकी मॉडल आविष्कार को बौद्धिक संपदा में तब्दील कर मुनाफा कमाने के नजरिए पर केंद्रित है। इसीलिए वहां इस क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश किया गया है, जिसे अनेक अर्थशास्त्री एआई बुलबुला कहते हैं। वहां की कंपनियां इस सोच को लेकर अपना भविष्य दांव पर लगा रही हैं कि उच्च–गुणवत्ता वाला एआई हमेशा एक लग्जरी प्रोडक्ट रहेगा। मगर चीनी के ओपन–सोर्स डेवलपर्स दिखा रहे हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वास्तव में एक सामान्य वस्तु है। इस सिलसिले में ये उदाहरण दिया गया है कि लिथियम–आयन बैटरियों और सोलर पैनल का आविष्कार अमेरिका में हुआ, लेकिन उनमें कारोबार की दौड़ चीन ने जीती। ऐसा उसने बेहतर आविष्कार के जरिए नहीं किया, बल्कि विशाल पैमाने पर उत्पादन के जरिए बाजार में उसने अपने पांव फैला लिए। यानी हाई–टेक चमत्कार को सस्ते माल में बदल दिया, जिससे पश्चिमी प्रतिस्पर्धी कंपनियां होड़ से बाहर हो गईं। चीनी कंपनियां यही नजरिया एआई के मामले मे अपना रही हैं। मसलन, डीपसीक का रिजनर मॉडल लगभग 55 सेंट प्रति टोकन कीमत पर उपलब्ध है, तो वैसे में लगभग साढ़े पांच डॉलर में चौट जीपीटी के टोकन लेने में कितने लोगों की दिलचस्पी होगी? इसलिए एआई बुलबुले के फूटने की आशंकाएं गहराती चली जा रही हैं। पिछले महीने भारतीय संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में इस घटनाक्रम को लेकर चेतावनी दी गई थी। कहा गया कि अमेरिका में एआई बुलबुला फूटा, तो उसका बहुत खराब असर भारत जैसे देशों पर भी होगा। अभी जबकि नई दिल्ली में एआई समिट में तमाम तरह की बातें हो रही हैं, इस बुनियादी पहलू को याद रखना बेहद जरूरी है।

# माओवाद के ख़ात्मे का मिशन-2026


गुलफिशा खान

देशभर में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई लगातार जारी है। झारखंड से लेकर छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ से लेकर महाराष्ट्र तक बड़े पैमाने पर या तो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है या फिर वो सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए है। यही हाल देश के दूसरे राज्यों का भी है। जिस गति से सुरक्षाबलों की ये कार्रवाई चल रही है उसे देखते हुए लग रहा है कि नक्सलवाद का खात्मा केंद्र सरकार द्वारा तय डेडलाइन के आते–आते हो जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्राी अमित शाह ने एक बार नक्सलवाद के खात्मे को लेकर केंद्र की प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोरहाया है। माओवाद से लंबे समय से जूझ रहे छत्तीसगढ़ सहित देश के कई प्रभावित क्षेत्रों में अब तेजी से बदलाव दिखाई देने लगा है। केंद्र और राज्य सरकारों की समन्वित रणनीति, सुरक्षा बलों के व्यापक अभियानों तथा स्थानीय समाज की लगातार बढ़ती भागीदारी ने यह संकेत दे दिया है कि मिशन–2026 के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में अब तेज़ी से आगे बढ़ा जा रहा है। आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार वर्ष 2024 से फरवरी 2026 तक उग्रवादी घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही सुरक्षा अभियानों की तीव्रता से कई शीर्ष नक्सली ढेर हुए, रिकॉर्ड संख्या में पकड़ में आए तथा बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। वर्ष 2024 में जहां 217 नक्सली मारे गए थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 256 हुई और 2026 में फरवरी तक 22 उग्रवादी ढेर किए गए।तीन वर्षों में कुल 209 नक्सलियों की गिरतारी और 2613 के आत्मसमर्पण ने अभियान की सफलता को मजबूत आधार दिया है। सुरक्षा बलों के ऑपरेशनों में 1031 हथियार बरामद हुए। इसके अतिरिक्त 2025 में सबसे अधिक 894 आइईडी बरामद किए गए, जिसने यह स्पष्ट किया कि सुरक्षा बल लगातार खतरों को विफल कर रहे हैं। उग्रवाद प्रभावित इलाकों में सुरक्षा उपस्थिति को मजबूत करने के लिए वर्ष 2025 में 58 और 2026 में आठ नए कैंप स्थापित किए गए। इन कैंपों को 'इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां सुरक्षा के साथ–साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, बिजली, बैंकिंग और अन्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे स्थानीय लोगों में सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास तेजी से बढ़ा है। 2021 से अब तक विभिन्न जिलों में कुल 58 से अधिक कैंप स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में विकास का दायरा मजबूत हुआ है। पूना मारगेम या आत्मसमर्पण अभियान वर्ष 2025 में बड़ी सफलता लेकर आया। इस अभियान के तहत 1573 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। जबकि 2026 में फरवरी तक 248 नक्सली संगठन छोड़कर मुख्यधारा में लौट आए। वर्ष 2024 में 792 उग्रवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर सरकार की पुनर्वास नीति अपनाई। इनमें शीर्ष नक्सली कैडर





टक्कलापल्ली वासुदेव राव उर्फ सतीश, ग्रिड्डी पवनानंद रेड्डी उर्फ श्याम दादा, वेंकटेश उर्फ अड्डुमल वेंकटेश, राजमन मंडावी उर्फ भास्कर, रनिता उर्फ जयमती, चौतु उर्फ श्याम दादा प्रमुख हैं. केंद्रीय समिति या पोलित ब्यूरो से जुड़े नक्सलीमल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फ विवेक उर्फ सोनू दादा, पुल्लुरी प्रसाद राव उर्फ चंद्रन्ना और रामेश्वर उर्फ सोमा ने भी हथियार डाले। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण, रोजगार और पुनर्वास योजनाओं से जोड़ा गया है। 17 अक्टूबर 2025 को जगदलपुर में 210 पूर्व नक्सलियों के सामूहिक आत्मसमर्पण कार्यक्रम ने इस नीति की प्रभावशीलता को और मजबूती दी। वर्ष 2024–26 के दौरान सुरक्षा बलों ने कई टॉप कमांडरों को मार गिराया. दस्तावेजों के अनुसार केवल इस अवधि में 20 से अधिक शीर्ष स्तर के कमांडर मुठभेड़ों में ढेर किए गए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ों में स्तर के नक्सली सागर, जोगन्ना उर्फ चेमेला नरसिंह, रणधीर, रूपेश उर्फ शंभा गोसाई मंडावी, नीति उर्फ मिर्ज़िला पोट्टाम और रामचंद्र उर्फ कार्तिक उर्फ दसू मारे गए. इन सभी को संगठन के सक्रिय फील्ड कमांडर माना जाता था और ये लंबे समय से हिंसक गतिविधियों में शामिल थे। वर्ष 2025 नक्सल विरोधी अभियान के लिहाज से और भी निर्णायक साबित हुआ। इसी वर्ष नक्सली संगठन के जनरल सेक्रेटरी और पॉलिट ब्यूरो सदस्य बसव राजू को मुठभेड़ में मार गिराया गया। जिसे सुरक्षा बलों की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक माना जा रहा है। इसके अलावा स्तर के कई बड़े नामों का अंत हुआ, जिनमें जयराम उर्फ चलपति उर्फ जयराम रेड्डी, विवेक उर्फ प्रयाग मांझी, फेंगटू लक्ष्मी उर्फ नरसिंह चालम उर्फ गौतम, गजराला रवि उर्फ उदय उर्फ गणेश, मनोज उर्फ मोडेम बाल.ष्ण उर्फ भास्कर और सहदेव सोरेन उर्फ प्रयाग दा उर्फ प्रवेश शामिल हैं।इसी कड़ी में राजू उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी, कोसा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी, माड़वी हिड़मा उर्फ संतोष उर्फ हिड़मान्ना और गणेश उईके उर्फ गणेश उर्फ पेत्तू दादा जैसे वरिष्ठ कमांडर भी सुरक्षा बलों की कार्रवाई में ढेर किए गए। ये सभी नक्सली संगठन की रणनीतिक योजना, हथियार आपूर्ति और स्थानीय दस्तों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे.इसके अलावा, अन्य वरिष्ठ कैडर के रूप में सुधीर उर्फ सुधाकर उर्फ सोमनाथ उर्फ मुरली, कुहडामी जगदीश उर्फ बुंदरा, गुम्माडीवेली रेणुका उर्फ भानु उर्फ चेते, जग्गू नवीन उर्फ मधु और मंडुगुला भास्कर राव उर्फ अडेल्लु भी अलग अलग मुठभेड़ों में मारे गए। इन कार्रवाइयों से नक्सली नेटवर्क के कई सक्रिय ठिकाने ध्वस्त हुए और संगठन की गतिविधियों पर बड़ा अंकुश लगा। इन अभियानों ने नक्सल संगठन की संचालन क्षमता को गंभीर रूप से कमजोर किया है। सुरक्षा बल विशेष रूप से उन इलाकों में सफलता प्राप्त कर रहे हैं जिन्हें पहले नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। विकास और विश्वास बहाली की दिशा में सरकार द्वारा संचालित 'क्लस्टर ओलंपिक और 'क्लस्टर मेला कार्यक्रमों ने असाधारण सफलता हासिल की है.इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं को उग्रवाद के प्रभाव से दूर करना, उन्हें खेल, संस्कृति और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना तथा सकारात्मक भविष्य के लिए प्रोत्साहित करना है। वर्ष 2024 में 1 लाख 65 हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया, जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर 3 लाख 91 हजार से अधिक हो गई। मेले के माध्यम से जनजातीय परंपराएं, कला, हस्तशिल्प और लोकसंस्.ति को राष्ट्रीय मंच मिला, जिससे सामाजिक एकता और सांस्.तिक गर्व में वृद्धि हुई। 7 से 9 फरवरी 2026 तक आयोजित क्लस्टर मेला 2026 को राष्ट्रीय स्तर से सराहा गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति, केंद्रीय गृहमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इससे प्रभावित क्षेत्रों के लोगों का मनोबल बढ़ा और सरकारी प्रयासों पर भरोसा और गहरा हुआ। दस्तावेज़ में वर्ष 2026 की रणनीति स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि अब लक्ष्य उग्रवाद का पूर्ण उन्मूलन, स्थायी शांति स्थापना और दीर्घकालीन विकास मॉडल को मजबूत करना है। इसमें सुरक्षा, विकास और विश्वास.इन तीन स्तंभों को केंद्र में रखकर आगे बढ़ने की योजना है। स्थानीय युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने पर विशेष बल दिया जाएगा। साथ ही प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद को और प्रभावी बनाया जाएगा ताकि भय और हिंसा के बीते दौर को पीछे छोड़कर शांति, प्रगति और स्थिरता की नींव मजबूत हो सके।

# मुकुल रॉय थे पश्चिम बंगाल की राजनीति के 'चाणक्य'


फरीद वारसी

पूर्व केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल की राजनीति के प्रमुख चेहरों में शामिल रहे मुकुल रॉय का लंबी बीमारी के बाद 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने कोलकाता के एक निजी अस्पताल में रविवार देर रात अंतिम सांस ली। रॉय पिछले कई महीनों से किडनी सहित कई बीमारियों से जूझ रहे थे। मुकुल रॉय को पश्चिम बंगाल की राजनीति का 'चाणक्य' कहा जाता था। वे तृणमूल कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में से थे और लंबे समय तक ममता बनर्जी के करीबी सहयोगी रहे। तृणमूल के गठन से पहले वे कांग्रेस में थे। राज्य की राजनीति में उनका उतार–चढ़ाव से भरा सफर काफी चर्चा में रहा। दूसरे कार्यकाल वाली यूपीए सरकार में उन्हें केंद्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। वे पहले शिपिंग मंत्रालय में राज्य मंत्री रहे और बाद में रेल मंत्रालय में भी राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। संगठन में मजबूत पकड़ और रणनीति के लिए मशहूर रॉय को पार्टी के भीतर बेहद प्रभावशाली माना जाता था। पश्चिम बंगाल की राजनीति में 'रणनीति के मास्टर' माने जाने वाले मुकुल रॉय का नाम कभी ममता बनर्जी के सबसे भरोसेमंद साथियों में शामिल था. संगठन खड़ा करने से लेकर चुनावी रणनीति बनाने तक, उनके राजनीतिक सफर ने बंगाल की राजनीति को कई बार नई दिशा दी। लंबे समय तक टीएमसी के दूसरे सबसे ताकतवर चेहरे रहे मुकुल रॉय ने तीन दशक में कई पड़ाव देखे कांग्रेस, तृणमूल, भाजपा और वापस तृणमूल। लेकिन बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच उनकी चमक धीरे–धीरे फीकी पड़ती गई। मुकुल रॉय और ममता बनर्जी की राजनीतिक शुरुआत एक ही जगह से हुई यूथ कांग्रेस. दोनों साथ में ही राजनीति में आगे बढ़े। जनवरी 1998 में जब



ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस बनाई, उस समय मुकुल रॉय संगठन का सबसे मजबूत स्तंभ माने गए। पार्टी गठन के तुरंत बाद उन्हें महासचिव बनाया गया। बंगाल के बूथ स्तर पर संगठन खड़ा करने में उनकी भूमिका बेहद अहम रही। यही वजह थी कि कुछ ही सालों में वे टीएमसी का केंद्र की राजनीति में प्रमुख चेहरा बनकर उभरे। साल 2006 में वे पहली बार राज्यसभा पहुंचे. 2009 से 2012 के बीच वे राज्यसभा में टीएमसी के नेता रहे। यूपीए–2 सरकार में उन्हें पहले जहाजरानी राज्य मंत्री बनाया गया। इसके बाद मार्च 2012 में वे रेल मंत्री बने। उनका कार्यकाल भले ही सिर्फ छह महीने का रहा हो 20 मार्च 2012 से 21 सितंबर 2012 तक लेकिन उन्होंने कुछ ऐसे फैसले लिए, जो आम लोगों के बीच आज भी याद किए जाते हैं। उन दिनों रेल बजट में किराया वृद्धि सबसे बड़ा विवाद था। तत्कालीन रेल मंत्री दिनेश त्रिवेदी ने कई श्रेणियों में किराया बढ़ाया था, जिसके बाद टीएमसी ने कड़ा विरोध जताया और त्रिवेदी को पद छोड़ना पड़ा। उनकी जगह मुकुल रॉय को रेल मंत्रालय मिला। पदभार संभालते ही उन्होंने एसी फर्स्ट और सेकेंड क्लास को छोड़कर थर्ड एसी, स्लीपर और जनरल क्लास में हुई किराया बढ़ोतरी को वापस ले लिया। यह फैसला आम यात्रियों के हित में माना गया और उन्हें खूब लोकप्रियता दिलाई। रेल मंत्री के तौर पर उनका एक और चर्चित कदम था 'ज्ञान उदय एक्सप्रेस'। दिल्ली यूनिवर्सिटी के करीब 1000 छात्रों के लिए चलाई गई इस स्पेशल एजुकेशनल ट्रेन ने अहमदाबाद, मुंबई, गोवा और बेंगलुरु जैसे शहरों की यात्रा कराई। यह उस समय अपनी तरह की अनोखी पहल थी। राजनीतिक रूप से सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब 2017 में उन्होंने टीएमसी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। 2021 में वे भाजपा के टिकट पर .ष्णानगर उत्तर से विधायक चुने गए. भाजपा के संगठन को मजबूत बनाने में भी उनका अहम योगदान माना जाता है। चुनाव के तुरंत बाद वे फिर टीएमसी में लौट आए, लेकिन उनकी राजनीतिक पकड़ पहले जैसी नहीं रही। 13 नवंबर 2025 को कलकत्ता हाई कोर्ट ने उन्हें एंटी–डिफेक्शन कानून के तहत विधायक पद से अयोग्य ठहरा दिया। इसके बाद उनका सार्वजनिक जीवन लगभग पूरी तरह शांत हो गया। मुकुल रॉय एक समय बंगाल की राजनीति में 'चाणक्य' कहे जाते थे, लेकिन स्वास्थ्य और राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण उनका प्रभाव धीरे–धीरे कमजोर पड़ता गया। इसके बावजूद उनका नाम बंगाल की राजनीतिक रणनीति और संगठन क्षमता के संदर्भ में हमेशा याद किया जाएगा।

# इथनाल ब्लेन्डिंग समस्या है समाधान नहीं

अरविन्द मोहन

चंपारण की चीनी मिलों के आसपास बचपन गुजारने के चलते उनके कचरे से निकलने वाली बास और राजनैतिक चर्चाओं की याद हमेशा के लिए मन में रह गई है। कई बार किसान मिल में गन्ना उतारकर खाली बैलगाड़ी में मिल का छोआ वाला कचरा उठा लाते थे और अपने खेत में खाद की त रह इस्तेमाल करते थे। इसकी दुर्गंध तो मिलों दूर से भी ज्यादा लगती थी और लोग कुछेक दिन उन खेतों की तरफ जाने से बचते थे। नेता लोग इसी छोआ अर्थात मोलासेज से केमिकल कारखाना लगवाने या श्पेट्रोल बनानेश और बगास अर्थात गन्ने की सीठी से कागज बनाने का प्लांट लगवाने की बात करते थे। हमारे कुमारबाग में बेतिया राज की जमीन खाली थी। वहीं आसपास की चीनी मिलों से इन बाई–प्रॉडक्टों से स्वर्ग बसाने का वादा होता था जो आज तक पूरा नहीं हुआ। गन्ने से पेट्रोल बनाने की बात उन दिनों कचरे से सोना बनाने जैसी लगती थी पर बायो डीजल और बायो पेट्रोल का जमाना भी आया। हमारे यहां झटरोपा से तेल बनाने का प्रयोग चला तब तक अमेरिका ने मक्का और अन्य कृषि उत्पादों से बायो पेट्रोल बनाना शुरू करा दिया क्योंकि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बेतहाशा बढ़ने लगी और सौ डालर प्रति बैरल का रेट भी पीछे हो गया। ऐसे में मक्का वगैरह से पेट्रोल बनाना 75 डालर प्रति बैरल जितने रेट पर संभव हो तो कौन मानता? हमारे यहां भी झटरोपा वाला प्रयोग तभी हुआ और अनाज से तेल बनाने की चर्चा शुरू हुई। वह तो हुआ नहीं लेकिन नितिन गडकरी के परिवहन मंत्री बनने वाले राज में इसी छोआ अर्थात मोलासेज से पेट्रोल बनाने और पेट्रोल में मिलाकर बेचने का काम शुरू हुआ जो आज परवान पर है। यह काम सिर्फ गन्ना चीनी मिलों का न होकर सारे ब्रूअरीज(शराब कारखाने) के कचरे से होना शुरू हुआ है। करीब बीस फीसदी ब्लेन्डिंग के बिना पेट्रोल बिकता नहीं और कुछ पेट्रोल की खपत में बीस फीसदी का मतलब बहुत बड़ा हुआ। कीमत और विदेशी मुद्रा की बचत का हिसाब लगाएं तो और उजली तस्वीर दिखेगी पर जल्दी ही इस मामले में भी उत्पादन क्षमता जरूरत से ऊपर निकल जाएगी यह कल्पना से परे की चीज है। लेकिन आज यह स्थिति आ गई है। गन्ने के अलावा कुछ कृषि उत्पादों के इस्तेमाल की चर्चा भी है। लेकिन अमेरिका से जिस लटकी हुई व्यापार संधि को श्सपनों का सौदाश बताया जा रहा है उसमें मक्के की कुछ खास किस्म के आयात की बात भी थी और माना जाता है कि इसका प्रयोग इथनाल बनाने में हो सकता है। वैसे भारत खुद भी बड़े पैमाने पर मक्का पैदा करने लगा है जो मुर्गीपालन और मछलीपालन समेत देश की पूरी जरूरत से ज्यादा ही है। ऐसे में अगर हम अभी ही इथनाल अपनी जरूरत से ज्यादा बनाने लगे हों तो अमेरिका से मक्का आयात करने का तर्क समझना मुश्किल है। अभी वह व्यापार समझौता हो, मक्का आयात हो उसका इस्तेमाल इथनाल बनाने में हो जैसे सारे लेकिन परंतु पर क्यों जाएं, अभी तो मौजूदा स्थिति ही इस कारोबार को परेशान करने वाली है। देश में इथनाल बनाने की कुल क्षमता 18 अरब लीटर की है जबकि पेट्रोलियम कंपनियां 11 से 12 अरब लीटर माल खरीदती हैं। देश में अब बिना इथनाल मिला पेट्रोल बिकता ही नहीं और मिलावट भी बीस फीसदी मात्रा तक है। इतना होने पर भी पूरा देशी इथनाल खपाने में परेशानी हो रही है। उधर तीन अरब लीटर और उत्पादन क्षमता इस साल बढ़ेगी। तब क्या होगा यही सोचकर व्यवसाय के लोग चिंतित हैं। यह सही है कि महंगे पेट्रोल के साथ बिकने से अच्छी कीमत वसूल होती है लेकिन खुद इथनाल की कीमतों और मांग आपूर्ति का हिसाब बहुत अनिश्चितता वाला है। सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों कंपनियां, इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम यह सारा माल खरीदकर तेल में मिलाकर बेचती हैं। अब हो यह रहा है कि पेट्रोल की खपत में तो मात्र छह फीसदी सालाना की वृद्धि है जबकि इथनाल उत्पादन की क्षमता ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। अगर तीन अरब लीटर की क्षमता और बढ़ी तो यह वृद्धि 20 फीसदी हो जाएगी। फिर कीमतों और आपूर्ति का खेल एक अन्य स्तर पर जाएगा, अगर अमेरिकी मक्का भी इस खेल में शामिल हुआ तो क्या दृश्य होगा? यह कल्पना ही की जा सकती है और यह विकल्प भी नहीं है कि मिलावट को बीस फीसदी से बढ़ा दिया जाए। क्योंकि इथनाल की मिलावट से ईंधन की ऊर्जा का स्तर कम होता है–बीस फीसदी की मिलावट से यह गिरावट छह फीसदी की होती है और इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाना भी हो चुका है। अभी तक अदालत ने ग्राहकों के दावे को दरकिनार रखा है। एक दूसरी शिकायत इस मिलावटी ईंधन का गाड़ी के इंजन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की है। माना जाता है कि पिछले दिनों मिलावट की सीमा बढ़ाने पर भी विचार हुआ था लेकिन तभी सोशल मीडिया में यह बहस छिड़ गई कि मिलावटी ईंधन का गाड़ियों के इंजन पर बुरा असर होगा। यह बात खास तौर से भारत में बिकने वाली गाड़ियों पर लागू होती है क्योंकि यहां इस विशेष ईंधन से चलने वाले इंजन लगाए ही नहीं जाते। इथनाल मिश्रित ईंधन की कीमत घटाने की मांग भी उठती रही है लेकिन उसकी कीमत ज्यादा होने के नाम पर सरकार ने इस मांग को ठुकरा दिया था पर असल में तो इथनाल बाई–प्रोडक्ट ही है जो चीनी और शराब जैसे उद्योगों से निकलने वाले कचरे से बनता है। उसकी कीमत की एक सीमा होनी चाहिए। इससे उस अमेरिकी या पश्चिम जगह के अभियान पर भी अंकुश लगेगा जो अनाज को सड़ाकर इथनाल बनाने को लाभकर मानने से शुरू होता है। जैसे ही पेट्रोलियम पदार्थ 75 डालर बैरल के ऊपर पहुंचते हैं वे मक्का, गेहूं और अन्य अनाजों से इथनाल बनाने लगते हैं और जब पिछली बार यह दर सवा सौ के ऊपर पहुंची थी तब तो इतना अनाज इथनाल में जाने लगा कि दुनिया में अनाज की कमी और गरीब देशों में तंगी शुरू हो गई थी। हमारे पड़ोसी पाकिस्तान में तो आटे की लूट शुरू हो गई थी। कम से कम उस स्थिति से तो बचना ही होगा और इथनाल की कीमतों को एक सीमा में रखना होगा।

# कांग्रेसियों ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की मनाई पुण्यतिथि

## – बालूगंज के आजाद पार्क में किया माल्यार्पण, युवाओं को दिए आदर्शो पर चलने का संदेश



न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 95 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भरथना के चंद्रशेखर आजाद पार्क, बालूगंज में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में श्रद्धाभाव के साथ माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके त्याग और बलिदान को स्मरण किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद के आदर्श, साहस और देशभक्ति की भावना आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने अदम्य साहस और बलिदान से देश की स्वतंत्रता की लड़ाई को नई दिशा दी। वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आजाद के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह पाल (भूरे), उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुखराम सिंि ी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रणवीर सिंह, पूर्व प्रधान, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव अनुराग कर्ण सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और सामाजिक एकता के संकल्प के साथ किया गया।

# एसएसपी ने ली शुक्रवार परेड की सलामी

## - होली के मद्देनजर बलवा ड्रिल का अभ्यास, फिटनेस पर दिया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। परेड के दौरान पुलिस बल को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रखने के उद्देश्य से दौड़ कराई गई तथा अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गई। पुलिस लाइन तथा विभिन्न कार्यालयों में तैनात पुलिसकर्मियों को विविध शारीरिक व्यायाम भी कराए गए। इसके उपरांत यूपी–112 पीआरवी का निरीक्षण किया गया। पीआरवी में उपलब्ध दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट सहित अन्य संसाधनों की जांच कर नियमित साफ–सफाई, समुचित देखरेख एवं कुशल संचालन के निर्देश दिए गए। आरटीसी कार्यालय, आरटीसी बैरक एवं मेस का निरीक्षण करते हुए साफ–सफाई, गुणवत्ता और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। परेड के बाद पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा पुलिसकर्मियों का अर्दली रूम कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। अंत में होली पर्व के .ष्टिगत संभावित कानून–व्यवस्था की स्थिति से निपटने हेतु बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इस दौरान अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# खुशी व उमंग में सराबोर रहे स्कूली बच्चे

## – सरस्वती बाल मंदिर स्कूल में मनाया होली का पर्व

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। शहर के गंगानगर स्थित सरस्वती बाल मंदिर हायर सेकेण्ड्री स्कूल में होली का पर्व मनाया गया। जिसमें



सभी बच्चे खुषी व उमंग में सराबोर दिखे। विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने अबीर गुलाल के साथ आपसी सदभाव व भाईचारे का संदेष दिया। विद्यालय के प्रबंधक राकेष कुमार त्रिवेदी ने बच्चों को सुरक्षित तरीके से होली पर्व मनाने का आहवान किया। रंगो का त्योहार आते ही बच्चों के मन में खिलखिलाहट और रंगो की बौछार करने के लिए उत्साहित दिखे। प्रातः से ही बच्चों के मन में त्योहार को लेकर उत्साह साफ झलक रहा था। बच्चों ने अपने षिक्षकों के चरण स्मर्ष कर आषीर्वाद लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहित कुमार षुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है। आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे को अपनाने का पर्व है। विद्यालय परिवार ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर राजेष, आषुतोश, सोनू, महेष, संतोश आदि लोग उपस्थित रहे।


## प्रयागराज-हडपसर होली विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 04107/04108 प्रयागराज-हडपसर (साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी**

| 04107 प्रयागराज-हडपसर | | | 04108 हडपसर-प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| (बुध.) | 10:20 | प्रयागराज | 06:30 | (शनि) |
| 11:18 | 11:20 | शंकरगढ़ | 04:13 | 04:15 |
| 11:45 | 11:47 | डभौरा | 03:33 | 03:35 |
| 12:50 | 12:55 | मानिकपुर | 03:10 | 03:15 |
| 13:45 | 13:47 | चित्रकूट धाम कर्वी | 01:55 | 01:57 |
| 15:15 | 15:20 | बाँदा | 00:35 | 00:40 |
| 16:18 | 16:20 | महोबा | 23:18 | 23:20 |
| 17:30 | 18:00 | खजुराहो | 21:20 | 21:50 |
| 18:14 | 18:16 | दरियागंज | 20:50 | 20:52 |
| 18:32 | 18:34 | छतरपुर | 20:30 | 20:32 |
| 19:33 | 19:35 | टीकमगढ़ | 19:10 | 19:12 |
| 21:03 | 21:05 | ललितपुर | 18:18 | 18:20 |
| 23:35 | 23:40 | बीना | 16:45 | 16:50 |
| (गुरू)02:00 | 02:05 | रानी कमलापति | 14:15 | 14:20 |
| 03:35 | 03:45 | इटारसी जं. | 12:20 | 12:30 |
| 08:10 | 08:15 | भुसावल जं. | 07:35 | 07:40 |
| 10:45 | 10:50 | मनमाड जं. | 04:20 | 04:25 |
| 11:54 | 11:56 | कोपरगांव | 03:06 | 03:08 |
| 12:42 | 12:44 | बेलापुर | 02:06 | 02:08 |
| 14:00 | 14:02 | अहिल्यानगर | (शुक्र.)01:00 | 01:02 |
| 16:05 | 16:10 | दौंड कॉर्ड लाइन | 23:45 | 23:50 |
| 19:30 | (गुरू.) | हडपसर | (गुरू.) | 22:40 |

**प्रयागराज से-** गाड़ी सं. **04107** (बुधवार) दिनांक- **04.03.2026** से **25.03.2026** तथा **हडपसर से-** गाड़ी सं. **04108** (गुरूवार) दिनांक- **05.03.2026** से **26.03.2026** **संरचना:** सामान्य श्रेणी-07, स्लीपर श्रेणी-08, वाता. तृतीय श्रेणी-02, वाता. द्वितीय श्रेणी-01

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 465/26 FA


# साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को पुलिस ने चार लाख रुपये कराए वापस

## - एसएसपी के निर्देशन में थाना साइबर क्राइम की त्वरित कार्यवाही

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के मार्गदर्शन में थाना साइबर क्राइम द्वारा यह प्रभावी कार्यवाही की गई। घटना के अनुसार आवेदक देवेश कुमार पुत्र महेश चन्द्र निवासी ग्राम टाडा, पोस्ट वेर, थाना भरथना ने 07 फरवरी को थाना साइबर क्राइम में प्रार्थना पत्र दिया था कि उनकी पत्नी के खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोन दिलाने के नाम पर यूपीआई के माध्यम से 4,00,000 रुपये निकाल लिए गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बैंक व पेमेंट गेटवे से समन्वय कर पूरी धनराशि कराई वापस पीड़ित ने जताया आभार, पुलिस टीम को दिया धन्यवाद थाना साइबर क्राइम टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलित किए गए तथा संबंधित बैंक अधि ाकारियों एवं पेमेंट गेटवे के नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर लगातार प्रयास किया गया। पुलिस की सक्रियता और तकनीकी दक्षता के परिणामस्वरूप 27 फरवरी को पीड़ित की पूरी 4,00,000 रुपये की धनराशि शत–प्रतिशत वापस करा दी गई। अपने रुपये वापस पाकर पीड़ित ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए



पुलिस एवं साइबर क्राइम टीम की भूरि–भूरि प्रशंसा की और विशेष ध न्यवाद ज्ञापित किया। वापस कराई गई धनराशि का विवरण देवेश कुमार पुत्र महेश चन्द्र 400000 रुपये पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा, निरीक्षक संजय सिंह, उपनिरीक्षक चन्द्र भूषण दुबे, कांस्टेबल अनुज कुमार, सुन्दरम सिंह, आदित्य देओल, संदीप सिंह, महिला कांस्टेबल मीनाक्षी तोमर। इटावा पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही से यह संदेश गया है कि साइबर अपराध के मामलों में सजगता और तत्परता से कार्य करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाया जा सकता है।

# मिशन शक्तिके तहत महिलाओं को किया जागरूक

## – थाना बकेवर टीम ने पछायगांव मड़ैया क्षेत्र में चलाया विशेष अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना बकेवर की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना पछायगांव मड़ैया



क्षेत्रान्तर्गत पहुंचकर बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया, मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत सुरक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई, महिलाओं को आत्मरक्षा, सतर्कता और सामाजिक सुरक्षा के महत्व के बारे में समझाया गया। उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा एवं एंबुलेंस 102 और 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 के बारे में विस्तार से बताया गया और आवश्यकता पड़ने पर इन नंबरों का तत्काल उपयोग करने की अपील की गई। सरकारी योजनाओं की दी विस्तृत जानकारी, लाभ उठाने का किया आह्वान शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े अधि ाकारों पर दिया जोर कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, साथ ही इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने और परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की प्रेरणा दी गई। छात्र–छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर भविष्य उज्ज्वल बनाने तथा सीखी गई जानकारी को परिवार और मित्रों के साथ साझा करने का संदेश दिया गया, कार्यक्रम के अंत में सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें और जागरूक नागरिक बनें का आह्वान किया गया।

# होली के पर्व पर बरतें विशेष सावधानियां

## - सुरक्षित, स्वस्थ और सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने के लिए जरूरी बातें

## - सुरक्षित, स्वस्थ और सौहार्दपूर्ण हो रंगों का पावन पर्व

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। परिवार की ओर से समस्त जनपदवासियों को होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। होली रंगों, उमंगों, भाईचारे और प्रेम का त्योहार है, जो आपसी मतभेद भुलाकर एकता और सौहार्द का संदेश देता है। इस पावन अवसर पर हम सभी का दायित्व है कि त्योहार को शांति, सद्भाव और सुरक्षा के साथ मनाएं। न्यूज वाणी ब्यूरो चीफ संजीव शर्मा ने होली के अवसर पर जनमानस से अपील करते हुए कहा कि होली के त्योहार पर बड़े और बच्चों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। रासायनिक रंगों, पक्के रंग, ग्रीस, पेंट, डाई और अन्य हानिकारक पदार्थों के उपयोग से बचना चाहिए, क्योंकि ये त्वचा, आंखों और स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। बच्चों को पटाखों, आग और पानी से भरे गहरे स्थानों से दूर रखना चाहिए, साथ ही किसी भी प्रकार की जबरदस्ती से रंग न लगाएं। होलिका दहन व होली खेलते समय रखें इन बातों का विशेष ध्यान सतर्कता ही सुरक्षा, संयम ही सच्ची खुशियां होलिका दहन के समय सूखी लकड़ियों और कचरे का ही प्रयोग करें, प्लास्टिक, रबर या प्रदूषण फैलाने वाली वस्तुएं अग्नि में न डालें, आग के आसपास बच्चों को अकेला न छोड़ें, ढीले या ज्वलनशील कपड़े पहनकर अग्नि के पास न जाएं, भीड़भाड़ में धक्का–मुक्की से बचें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें। होली खेलते समय प्रा. तिक एवं हर्बल रंगों का उपयोग करें, आंखों, मुंह और कान में रंग जाने से बचाएं, पानी की बर्बादी न करें, नशे का सेवन बिल्कुल न करें, वाहन चलाते समय सावधानी बरतें तथा



किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं। महिलाओं और बुजुर्गों का सम्मान करें और बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। संजीव शर्मा ने कहा कि होली का वास्तविक आनंद तभी है जब सभी सुरक्षित और स्वस्थ रहें, यह त्योहार खुशियों को बांटने का है, डर या दुर्घटना का नहीं। आइए, इस होली पर प्रेम, सद्भाव और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए समाज में सकारात्मक संदेश फैलाएं। न्यूजवाणी जनमानस की आवाज, जनहित के साथ।

# रमजान के दूसरे जुमे पर मस्जिदों में उमड़े नमाजी

## - इमाम ने रोजो की फजीलत की बयान

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। रमजानुल मुबारक के नौवे रोजे पर आज दूसरा जुमा रहा। जुमा की नमाज



पढ़ने के लिए बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में पहुंचे और नमाज पढ़ी। नमाज से पहले तकरीर में मौलानाओं ने रोजों की फजीलत बयान करते हुए प्रत्येक मुसलमान से पूरे माह रोजे रखकर इबादत करने का आहवान किया। बाद नमाज अल्लाह तआला से देश में अमन चैन व भाईचारे की दुआएं मांगी। मुस्लिम समुदाय में शुक्रवार का बड़ा महत्व है। यह शुक्रवार जब माह रमजान का होता है तो इसकी महत्ता और बढ़ जाती है। इस बार रमजान माह के नौवे रोजे पर दूसरा शुक्रवार पड़ा। शुक्रवार को जुमा की नमाज पढ़ने के लिए लोगों ने सुबह से ही तैयारी शुरू की और नहा– धोकर ही घर से काम पर निकले। जुमे के वक्त जैसे ही मस्जिदों से अजान पुकारी गई, रोज़दार मस्जिदों की तरफ चल पड़े। कोतवाली स्थित जुमा मस्जिद, बाकरगंज पुलिस चौकी के पीछे स्थित जुमा मस्जिद, तुराब अली का पुरवा स्थित अजीज गार्डेन मस्जिद, आबूनगर नई बस्ती स्थित नौरंग मस्जिद, पनी स्थित मुचियानी मस्जिद, ज्वालागंज स्थित शाही मस्जिद, मुराइनटोला व आजादनगर सिविल लाइन सहित अक्सा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदें नमाजियों से भरी रही। बाद नमाज नमाजियों ने अल्लाह तआला से हाथ उठाकर अमन चैन व भाईचारे की दुआएं मांगी। वहीं दूसरी तरफ नमाज समाप्त होने के बाद घर–घर महिलाओं द्वारा रोजा इतार की तैयारी की जाने लगी। इतार के लिए विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ बनाये गये। घर में रोजदारों के अलावा मस्जिद में पहुंचने वाले रोजदारों के लिए भी इतार तैयार की गयी। जिसे रोजा खुलने के पहले ही मस्जिदों में भेजा गया। निर्धारित समय पर सभी रोजदारों ने रोजा खोला।

# फोर व्हीलर व इलेक्ट्रिक व्हीकल सर्विस असिस्टेंट हेतु कराएं प्रवेश

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से उन्नयन हेतु चयनित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिन्दकी में आधुनिक तकनीक से युक्त फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल सर्विस असिस्टेंट में प्रवेश हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त कोर्स को पूर्ण करने के उपरान्त अभ्यर्थियों का उत्कृष्ट अधिष्ठानों में सेवायोजन हेतु प्रयास किया जायेगा। फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट के लिए 5 वीं पास एवं चार वर्ष का इलेक्ट्रिक व्हीकल का अनुभव या 8 वीं पास एवं एक वर्ष का इलेक्ट्रिक व्हीकल का अनुभव या 9 वीं पास या ऑटोमोटिव वासर लेवल–2 प्रमाण पत्र एवं दो वर्ष का इलेक्ट्रिक व्हीकल का अनुभव, आयु 18 वर्ष, इलेक्ट्रिक व्हीलर सर्विस असिस्टेंट के लिए 8 वीं पास एवं निरन्तर स्कूली शिक्षा प्राप्त करते हुए या 8 वीं पास एवं 01 वर्ष का इलेक्ट्रिक व्हीकल का अनुभव या 8 वीं पास एवं 2 वर्षीय आईटीआई कोर्स या हाईस्कूल पास या ऑटोमोटिव वासर लेवल–2 प्रमाण पत्र एवं 02 वर्ष का इलेक्ट्रिक व्हीकल का अनुभव, पूर्व आवश्यक लाइसेंस व प्रशिक्षण, लाइसेंस व बेसिक कम्प्यूटर स्किल आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र व प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल व चार पासपोर्ट साइज फोटो आदि के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर अथवा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिन्दकी में प्रवेश हेतु एक सप्ताह के अन्दर उपस्थित होकर वेबसाइट पर पंजीकरण करायें।

# रमजान गरीबों की मदद का बेहतरीन महीना : मौलाना इरफान

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। रमजान शरीफ का महीना अपने साथ बहुत सारी खुशियां लेकर आता है। मोहल्ला शाह महमूद किले वाली मस्जिद जुमा की नमाज में मौलाना मुहम्मद इरफान चिश्ती ने कहा कि माहे रमजान सब्र शुक्र सम्मान भाईचारा हमदर्दी इबादत और गरीबों की मदद का पैगाम देता है। मजहबे इस्लाम के पांच अरकान हैं जिसमें एक अरकान जकात है। अगर किसी मुसलमान के पास साढ़े 7 तोला सोना या साढ़े 52 तोला चांदी होती है या उसके बराबर रकम होती है तो वह साहिबे निसाब होता है। उसके ऊपर जकात फर्ज होती है और उसको अपने इस माल में से ढाई परसेंट जैसे एक लाख में ढाई हजार रुपए जकात के निकालने पड़ते हैं। इस रकम पर गरीब रिश्तेदार गरीब पड़ोसी फकीर यतीम मिस्कीन मुसाफिर कर्जदार और जो अल्लाह के रास्ते में हो सिर्फ उनका हक है और मौलाना इरफान चिश्ती ने कहा कि जो मुसलमान अपने माल की पूरी जकात अदा करता है अल्लाह पाक उसको जन्नतुल फिरदौस में जगह अता फरमाता है। पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया सदका खैरात जकात अदा करने से माल कम नहीं होता बल्कि और ज्यादा बढ़ जाता है जकात वैसे तो पूरी साल में कभी भी निकाल सकते हैं लेकिन रमजान उल मुबारक में सवाब सत्तर गुना ज्यादा होता है। इस वजह से मुसलमान रमजान शरीफ में जकात अदा करते हैं। जकात के दो फायदे हैं एक फायदा तो यह है कि इंसान के दिल से माल व दौलत का लालच कम होता है और दूसरा गरीबों का फायदा होता है जकात की रकम शुरुआती रमजान में अदा कर दें जिससे वह अपनी जरूरत व ईद की तैयारी पूरी कर लें ओर खुशियों के साथ वह अपना त्योहार मनाएं।

# पुलिस की सख्त कार्यवाही, विभिन्न थानों से कई अभियुक्त गिरफ्तार

## - कोतवाली, चौबिया व बलरई पुलिस द्वारा बीएनएसएस की धाराओं में की कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। जनपद पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था सु.ढ़ बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश अनुसार विभिन्न थाना क्षेत्रों में सराहनीय कार्यवाही की गई। पुलिस टीमों ने अलग–अलग स्थानों से अभियुक्तों को गिरतार कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त भूरा उर्फ विशाल पुत्र पृथ्वीराज निवासी कटरा बल सिंह, थाना कोतवाली को गिरतार किया गया। इसके अतिरिक्त थाना कोतवाली पुलिस ने धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही करते हुए सलमान पुत्र अशफाक अहमद निवासी उर्दू मोहल्ला, अरवाज उर्फ अरसलान पुत्र इरशाद उर्फ अब्दुल वहाव निवासी साबितगंज तथा राजा पुत्र अनवार निवासी घटिया अजमत अली थाना कोतवाली को गिरतार किया। थाना चौबिया पुलिस द्वारा धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही करते हुए नीशू कुमार पुत्र धर्मेन्द्र सिंह निवासी ग्राम खेड़ा हेलू थाना चौबिया तथा अजीत सिंह उर्फ छिद्दे पुत्र कमलेश निवासी ग्राम लोहिया कला थाना चौबिया को गिरतार किया गया। थाना बलरई पुलिस द्वारा भी धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए विजय पुत्र मुरारी लाल निवासी ग्राम महामई थाना बलरई को गिरतार किया गया। जनपदीय पुलिस की इस सतत कार्यवाही से क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश गया है। पुलिस द्वारा आगे भी इसी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

# चार मार्च को बंद रहेंगी आबकारी दुकानें

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। जिला मजिस्ट्रेट रविन्द्र सिंह ने बताया कि आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 59 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए होली के पर्व पर लोक शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से चार मार्च को जिले की समस्त देशी मदिरा, कम्पोजिट दुकानें, मॉडल शॉप, भांग व वि.त स्प्रिट की फुटकर दुकानें एवं देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बियर, भांग व वि.त स्प्रिट के थोक गोदाम तथा एफ०एल०–49, एफ0एल0–7 (रस्त्रों बार) बन्द रहेंगी। इस बन्दी के लिये लाइसेंसधारियों को कोई प्रतिकर देय नहीं होगा।







